विवरण–2

1989-90, 1990-91, 1991-91 तथा 1992-93 के दौरान त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के अंतर्गत दी गई सहायता दर्शाने वाला विवरण ।

(लाख रुपये में)

	1989–90	1990–91	1991–92	1992–93
1. त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम	1201.40	1826.93	1633.00	1598.00
2. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति	—	—	300.00	—
3. मिनी मिशन				
(क) डांग	32.00	126.00	50.00	50.00
(ख) बलसाड	—	50.00	50.00	50.00
(ग) जामनगर	35.00	187.07	—	—
(घ) कच्छ	—	27.86	—	—

इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत आवासीय एकक की निर्माण लागत

1326. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत प्रत्येक आवासीय एकक के निर्माण की लागत कितनी है;

(ख) क्या सरकार प्रति मकान की लागत दस हजार रुपए करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत प्रत्येक आवासीय एकक के निर्माण की लागत निम्न प्रकार है :—

1. मकान का निर्माण	8,000,00 रुपये
2. स्वच्छ शौचालय और धुंआ रहित चूल्हे का निर्माण	1,400,00 रुपये
3. आधारभूत ढांचे और सामान्य सुविधाओं की व्यवस्था	3,300,00 रुपये
कुल:	12,700,00

पर्वतीय क्षेत्रों, प्रतिकूल मृदा परिस्थितियों अथवा दूर-दराज के क्षेत्रों सहित कठिन भू-क्षेत्रों में मकानों के निर्माण की लागत 8,000.00 रुपए की बजाय 9,800 रुपए तक हो सकती है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।